दैनिक

# न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक


**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 ‖ Postal Registration No-055/Raigarh DN CG ‖ रायगढ़, बुधवार 22 अप्रैल 2020 ‖ पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए ‖ वर्ष-02, अंक- 202

## छत्तीसगढ़ के सीएम ने मोदी से मांगी 30 हजार करोड़

**» बघेल ने लिखा प्रधानमंत्री को पत्र**



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर प्रदेश के लाखों जरूरतमंद परिवारों के लिए राहत और कल्याणकारी योजनाओं के संचालन तथा राज्य के सामान्य काम-काज के संचालन के लिए राज्य को आगामी तीन माह में केन्द्र की ओर से कम से कम 30 हजार करोड़ की आर्थिक सहायता देने का आग्रह किया है। इसमें से बघेल ने 10 हजार करोड़ रूपए तत्काल जारी करने का आग्रह किया है, ताकि उद्योग, व्यवसाय, सेवा क्षेत्र एवं कृषि क्षेत्र को आर्थिक सहायता दी जा सके।

मुख्यमंत्री बघेल ने इसके साथ ही साथ राज्य में कोविड-19 के प्रसार की नियंत्रित स्थिति को देखते हुए राज्य को आंशिक राजस्व प्राप्ति से संबंधित आर्थिक गतिविधियों के संचालन की छूट तत्काल प्रदान करने का आग्रह किया है। बघेल ने पत्र में लिखा है कि मिठाई दुकानों के संचालन की छूट दी जाए, जिससे दुग्ध उत्पादक कृषकों का दूध बिकना संभव हो सके। उन्होंने लिखा है कि संपत्तियों के क्रय-विक्रय के पंजीयन की छूट सहित वाहनों के शो रूम का संचालन एवं पंजीयन, शहरों में निर्माण कार्यों के संचालन, ग्रीष्म ऋतु को देखते हुए एयर कंडिशनर, कूलर एवं फ्रिज के शो रूम के संचालन, समस्त प्रकार के रिपेयरिंग कार्य और सभी ग्रीन जिलों में सभी प्रकार के रीटेल कार्य खोलना उचित होगा। राज्य शासन की ओर से सभी व्यक्तियों के मास्क पहनने, सोशल-फिजिकल डिस्टेसिंग को सुनिश्चत करने हेतु हर संभव प्रयत्न किए जाएंगे।

बघेल ने प्रधानमंत्री को पत्र में लिखा है कि लॉकडाउन की लंबी अवधि के कारण राजस्व प्राप्ति लगभग शून्य हो गई है। वर्तमान आर्थिक परिदृश्य में राज्य को केन्द्रीय करों में से प्राप्त होने वाली राशि में भी बड़ी कमी होना निश्चित है। दूसरी ओर राज्य के 56 लाख गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों, जिनकी आय का कोई साधन नहीं बचा है, के जीवनयापन हेतु राज्य सरकार को अतिरिक्त संसाधनों की आवश्यकता पड़ रही है।बघेल ने पत्र में कहा है कि यदि उक्त गतिविधियों के संचालन की तत्काल अनुमति नहीं दी जाती, तो राज्य के सामान्य काम-काज का संचालन संभव नहीं हो सकेगा। अनुरोध है कि राज्य की मांगों पर तत्काल स्वीकृति प्रदान करने का कष्ट करें।

मुख्यमंत्री ने पत्र में कहा कि राज्य में कोविड-19 के प्रकोप की स्थिति तुलनात्मक रूप से अन्य राज्यों से बेहतर है। 21 अप्रैल तक राज्य में कोविड-19 के 36 मरीज संक्रमित पाए गए थे, जिनमें से 25 व्यक्ति संक्रमण मुक्त होकर अपने घरों को जा चुके हैं तथा शेष 11 व्यक्तियों का उपचार जारी है तथा सभी की दशा सामान्य है। राज्य में प्रतिदिन लगभग 400 व्यक्तियों का टेस्ट किया जा रहा है। पिछले 5 दिनों में कोई भी नया व्यक्ति कोविड-19 से संक्रमित नहीं पाया गया है। राज्य के 28 जिलों में से 23 जिलों में अभी तक एक भी व्यक्ति संक्रमित नहीं पाया गया है, जबकि 4 जिलों जहां 8 संक्रमित मिले थे, वहां पिछले 3 सप्ताहों में कोई प्रकरण सामने नहीं आया है तथा एकमात्र जिले के 11 सक्रिय संक्रमितों का इलाज अभी जारी है। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री मोदी से आग्रह किया है कि राज्य को आगामी तीन माह में केन्द्र की ओर से कम से कम 30 हजार करोड़ की आर्थिक सहायता दी जाए, जिसमें से 10 हजार करोड़ रूपए तत्काल जारी किए जाने चाहिए, ताकि उद्योग, व्यवसाय, सेवा क्षेत्र एवं कृषि क्षेत्र को आर्थिक सहायता दी जा सके।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### हवलदार सहित 6 नए कोरोना संक्रमित

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली पुलिस में कोरोना पॉजिटिव की संख्या दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही है। सोमवार को मध्य दिल्ली जिले के चांदनी महल थाने में 5 नए कोरोना पॉजिटिव पाए गए। वहीं, एक कोरोना पॉजिटिव हवलदार दिल्ली पुलिस की ही सबसे महत्वपूर्ण स्पेशल सेल (नई दिल्ली रेंज) में भी मिला है। दिल्ली पुलिस में सबसे ज्यादा गंभीर हाल में चांदनी महल थाना पुलिस ही है। यहां अब तक कोरोना पॉजिटिव की संख्या सोमवार को पांच पुलिसकर्मियों को मिलाकर कुल 8 हो गई, जबकि यहां तैनात 68 पुलिसकर्मियों में से एसएचओ सहित 28 से ज्यादा स्टाफ पहले से थाने के अंदर ही होम चारंटाइन किया जा चुका है। लिहाजा, इन बदतर हालात में अब थाने की व्यवस्था जामा मसजिद थाने के स्टाफ को संभालने को कहा जा रहा है। सोमवार को दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल (नई दिल्ली रेंज) में एक हवलदार की रिपोर्ट कोरोना पॉजिटिव आने से हड़कंप मच गया। सूत्रों के मुताबिक, यहां करीब 250 पुलिसकर्मी तैनात हैं। सोमवार को जबसे एक हवलदार की कोरोना पॉजिटिव रिपोर्ट आई, तब से यहां भी सब सकते में हैं। दिल्ली पुलिस स्पेशल सेल सूत्रों के मुताबिक, कोरोना पॉजिटिव पाया गया हवलदार लोधी कालोनी दफ्तर में तैनात है। 9 अप्रैल को बुखार होने की शिकायत पर उसकी जांच कराई गई थी।

### पुलिसकर्मियों में बढ़ रहा कोरोना पॉजिटिव

**» नबी करीम थाने में तीन और मिले संक्रमित**

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली पुलिस में एक के बाद एक कोरोना पॉजिटिव पुलिसकर्मियों की संख्या बढ़ती जा रही है। अब मध्य दिल्ली जिले के नबी करीम थाने के तीन पुलिसकर्मियों की रिपोर्ट कोरोना पॉजिटिव आई है। तीनों की पुलिसकर्मियों को तत्काल अहतियातन बाकी स्टाफ से अलग कर दिया गया है। इनके संपर्क में आये बाकी कई पुलिसकर्मियों को भी तुरंत होम कोरोंटाइन कर दिया गया है। इससे पहले सोमवार को मध्य दिल्ली जिले के चांदनी महल थाने में 5 नए कोरोना पॉजिटिव पाए गए। वहीं, एक कोरोना पॉजिटिव हवलदार दिल्ली पुलिस की ही सबसे महत्वपूर्ण स्पेशल सेल (नई दिल्ली रेंज) में भी मिला है। दिल्ली पुलिस में सबसे ज्यादा गंभीर हाल में चांदनी महल थाना पुलिस ही है। यहां अब तक कोरोना पॉजिटिव की संख्या सोमवार को पांच पुलिसकर्मियों को मिलाकर कुल 8 हो गई, जबकि यहां तैनात 68 पुलिसकर्मियों में से एसएचओ सहित 28 से ज्यादा स्टाफ पहले से थाने के अंदर ही होम चारंटाइन किया जा चुका है। लिहाजा, इन बदतर हालात में अब थाने की व्यवस्था जामा मसजिद थाने के स्टाफ को संभालने को कहा जा रहा है।

### चीन में कोरोना के 11 नए मामले आए

**बीजिंग ।** चीन की हेल्थ अथॉरिटी ने मंगलवार को कहा कि मेनलैंड चाइना (चीन की मुख्य भूमि) से सोमवार को कोरोनावायरस संक्रमण के 11 नए मामले सामने आए हैं। नेशनल हेल्थ कमीशन ने कहा, रिपोर्ट किए गए इन मामलों में से चार में संक्रमण बाहर से (आयातित) आया, जबकि अन्य सात में यह घरेलू रूप से प्रसारित हुआ। समाचार एजेंसी सिन्हुआ ने हेल्थ कमीशन के हवाले से कहा कि छह मामले हेइलोंगजियांग और एक गुआंग्डोंग प्रांत में दर्ज किए गए। हालांकि, मेनलैंड चाइना में कोई मौत दर्ज नहीं हुई। दो आयातित (बाहर से) मामले और हेइलोंगजियांग प्रांत के एक घरेलू मामले सहित तीन नए संदिग्धों की पहचान की गई है। कमीशन के अनुसार, उपचार के बाद पूर्ण रूप से स्वस्थ हुए 39 मरीजों को सोमवार को छुट्टी दे दी गई, जबकि कोविड-19 महामारी से संक्रमित हुए 82 लोगों की हालत गंभीर है। चीन की मुख्य भूमि (मेनलैंड) में सोमवार तक आयातित मामलों की संख्या 1,587 रही। रिकवरी के बाद 776 लोगों को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। 811 का उपचार चल रहा है, जिनमें से 44 की हालत गंभीर बनी हुई है। आयातित मामलों में कोई भी मृत्यु देखने को नहीं मिली है। कमीशन ने कहा कि मेनलैंड चाइना में सोमवार तक कुल पुष्टि वाले मामलों की संख्या 82,758 रही। इनमें से 1,003 का उपचार चल रहा है, जबकि 77,123 को स्वस्थ होने के बाद डिस्चार्ज कर दिया गया है।

## बडगाम में दो आतंकवादी गिरफ्तार, गोला-बारूद बरामद

**» सुरक्षाबलों को मिली कामयाबी**



**श्रीनगर (आरएनएस)।** जम्मू-कश्मीर के बडगाम जिले से सुरक्षा बलों ने दो आतंकवादियों को गिरफ्तार कर गोला-बारूद बरामद किया है। आधिकारिक सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि विशिष्ट सूचना के बाद पुलिस और राष्ट्रीय राइफल्स (आरआर) ने सोमवार को बडगाम जिले के बीरवाह में हरदूमलपोरा में एक संयुक्त चौकी स्थापित की।

उन्होंने कहा, सुरक्षा बलों ने देर शाम चौकी पर दो लोगों को गिरफ्तार किया। इनकी पहचान इशफाक अहमद डार और फारूक अहमद मल्ला के रूप में हुई है। उन्होंने कहा कि जांच के दौरान सुरक्षा बलों ने उनके पास से गोलाबारूद और अन्य आपत्तिजनक सामग्री बरामद की। बीरवाह थाने में विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में और गिरफ्तारी हो सकती है। इससे पहले शोपियां जिले में सोमवार को सुरक्षा बलों पर हमले की योजना बना रहे जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) के दो आतंकवादियों को गिरफ्तार कर उनके पास से हथियार बरामद किए। एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि सुरक्षा बलों ने दो व्यक्तियों को संदिग्ध रूप से आगे बढ़ते हुए देखा और जब संदिग्धों को रुकने के लिए कहा गया तो उन्होंने मौके से भागने की कोशिश की। उन्होंने कहा कि हालांकि संदिग्धों को सुरक्षा बलों ने पकड़ लिया है। उनके पास से एक पिस्तौल और दो हथगोले बरामद किए हैं। उन्होंने कहा, प्राथमिक जानकारी के दौरान दोनों आरोपियों ने जैश-ए-मोहम्मद के कार्यकर्ता होने का दावा किया है।

## राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री ने की लोक सेवकों की सराहना



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद, उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को लोक सेवा दिवस पर लोक सेवकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि स्वास्थ्य कर्मियों की तरह, लोक सेवक भी कोरोना वायरस के खिलाफ लड़ाई का नेतृत्व कर रहे हैं। राष्ट्रपति ने ट्वीट कर कहा कि लोक सेवा दिवस पर अतीत और वर्तमान में काम करने वाले सभी लोक सेवकों और उनके परिवारों को शुभकामनाएं देता हूं। जन कल्याण के लिए नीतियों और कार्यक्रमों को लागू करने में हमारी लोक सेवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उन्होंने ट्वीट में कहा कि वर्तमान समय में भी, हमारे देश की मजबूत लोक सेवा ने संवेदनशीलता और दक्षता के साथ कोविड-19 से उत्पन्न स्थिति को संभालने में अपनी ताकत और संकल्प को दिखाया है। विश्वास है कि हमारी लोक सेवा अपनी सर्वश्रेष्ठ परंपराओं के अनुरूप काम करती रहेगी।'' उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू ने ट्वीट किया कि आज लोक सेवा दिवस पर मैं अपने देश के सभी लोक सेवकों को कार्यक्रमों में नीतियों को प्रभावी ढंग से और कुशलतापूर्वक लागू करने के लिए बधाई देता हूं। उन्होंने कहा कि राष्ट्र को कोविड 19 संक्रमण से निरापद रखने में निष्ठापूर्वक प्रयासरत सभी लोक सेवा के अधिकारियों,उनके सहयोगियों, हमारे स्वास्थ्य, पुलिस और स्वच्छता कर्मियों का अभिनन्दन करता हूं और देशवासियों की तरफ से उनका आभार व्यक्त करता हूं। नायडू ने कहा कि कोरोना के विरुद्ध यह अभियान कितना लंबा चलेगा यह अभी अनिश्चित है। मुझे विश्वास है कि सिविल सेवा के हमारे अनुभवी और दक्ष अधिकारियों की सहायता से राष्ट्र इस अभियान में विजय प्राप्त करेगा।

## देश में 18985 कोरोना मामले, अब तक 603 की मौत, 3260 हुए ठीक



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** देशभर में कोरोना वायरस से संक्रमित मरीजों की संख्या में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से जारी आंकड़ों के मुताबिक पिछले 24 घंटे में 1329 नए मामले सामने आए हैं और 44 लोगों की मौत हुई है। इसके बाद देशभर में कोरोना पॉजिटिव मामलों की कुल संख्या 18985 हो गई है, जिसमें 15,122 सक्रिय हैं, 3260 लोग स्वस्थ हो चुके हैं या उन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है और 603 लोगों की मौत हो गई है।

केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के संयुक्त सचिव लव अग्रवाल ने बताया कि कोरोना वायरस से 3,260 लोग देश में ठीक हो चुके हैं, सोमवार को 705 कोरोना मरीज ठीक हुए हैं। वहीं आईसीएमआर ने कहा कि रैपिड टेस्ट में एक राज्य सरकार से शिकायत मिली है, इसके नतीजों में सामान्य से ज्यादा अंतर आ रहा है। हम इसको देख रहे हैं। अगले 2 दिन तक राज्य रैपिड टेस्ट का इस्तेमाल ना करें। आईसीएमआर ने बताया कि भारत में अभी तक 4 लाख 49 हजार 810 टेस्ट किए जा चुके हैं, सोमवार को 35,852 नमूनों का परीक्षण किया गया। नियंत्रण क्षेत्रों में रोकथाम वाली गतिविधियों और क्षेत्रीय निगरानी में 1.24 करोड़ कोरोना योद्धा और कार्यकर्ता शामिल हुए हैं।

स्वास्थ्य मंत्रालय ने मंगवाल को बताया कि देश के 61 जिलों में पिछले 114 दिनों में कोरोना वायरस संक्रमण का कोई नया मामला नहीं आया है।

**राज्यों को दिशानिर्देश -** मंत्रालय ने बताया कि सभी राज्यों को विस्तृत दिशा निर्देश जारी किए हैं कि जब हम कोरोना वायरस पर ध्यान केंद्रित करते हैं, तो अन्य सभी सेवाएं प्रदान करने की आवश्यकता होती है, जैसे कि डायलिसिस, एचआईवी/कैंसर उपचार आदि के लिए होना चाहिए। उसी समय आवश्यक संक्रमण प्रबंधन की रोकथाम होनी चाहिए।

**देशभर में कोरोना के 4,49,810 टेस्ट किए गए-** 4,49,810 सैंपलों का अब तक टेस्ट किया जा चुका है। कल 35,852 सैंपलों का टेस्ट किया गया जिनमें से 29,776 नमूनों का टेस्ट 201 आईसीएमआर नेटवर्क लैब में और बाकी 6,076 सैंपलों का टेस्ट 86 निजी प्रयोगशालाओं में किया गया। देशभर में पिछले 24 घंटे में 1336 नए मामले सामने आए हैं। कल एक दिन में 705 लोग ठीक हुए हैं यानि 17.48 फीसदी लोग ठीक हो रहे हैं।

## राष्ट्रपति भवन के बाद लोकसभा सचिवालय में मिला कोरोना संक्रमित मरीज



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** देश में लगातार कोरोना वायरस संक्रमितों की संख्या बढ़ती जा रही है। ऐसे में इसने राष्ट्रपति भवन के बाद अब लोकसभा में भी दस्तक दे दी है। राष्ट्रपति भवन परिसर में अपने परिवार के साथ रहने वाली एक महिला कोरोना पॉजिटिव मिली है। जबकि लोकसभा सचिवालय में कार्यरत कर्मी कोविड-19 से संक्रमित पाया गया।

सूत्रों के अनुसार उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। महिला के कोरोना संक्रमित पाए जाने के बाद स्वास्थ्य मंत्रालय के आवश्यक दिशा-निर्देशों के मुताबिक 125 परिवारों को एकांतवास में रहने की सलाह दी गई है। चिंता की बात यह है कि महिला का पति राष्ट्रपति भवन में काम करने वाले अंडर सेक्रेट्री स्तर के आईएएस अधिकारी के दफ्तर में काम करता था। इसे देखते हुए एहतियातन अधिकारी ने खुद को क्वारंटाइन (एकांतवास) कर लिया है। प्रशासनिक सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार राष्ट्रपति भवन परिसर में जो महिला कोरोना संक्रमित मिली है, पिछले दिनों उसकी सास की कोविड-19 की चपेट में आने से मौत हो गई थी। बताया जा रहा है कि महिला अपनी कोरोना पॉजिटव सास के संपर्क में आने के बाद संक्रमित हुई है। महिला की हालत बिड़ने और उसमें कोरोना के लक्षण पाए जाने के बाद उसका परीक्षण किया गया और रविवार को जब उसकी रिपोर्ट पॉजिटिव आई तो राष्ट्रपति भवन में हड़कंप मच गया।

**कोरोना अस्पताल में भर्ती है महिला-** मामला सामने आने के बाद आनन-फानन में पुलिस और प्रशासनिक अमला वहां पहुंचा और महिला एंव उसके परिवार के संपर्क में आने वाले लोगों को क्वारंटाइन (एकांतवास) किया गया। महिला की बेटी के अंदर भी कोरोना लक्षण दिखाई दिए थे लेकिन उसकी रिपोर्ट निगेटिव आई है। महिला को पहले बिड़ला मंदिर स्थित स्वास्थ्य केंद्र में रखा गया था, मगर अब उसे कोरोना अस्पताल में भर्ती करा दिया गया है।

### गैर कोरोना मरीजों के इलाज खर्च में छूट की मांग का मामला

**» सुप्रीम कोर्ट ने खारिज की याचिका**

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** सुप्रीम कोर्ट ने कोरोना वायरस महामारी के दौरान गैर कोविड-19 मरीजों के सभी मेडिकल खर्चों पर ढील देने के लिए तत्काल कदम उठाने का केंद्र और राज्यों को निर्देश देने के लिए दायर याचिका मंगलवार को खारिज कर दी। न्यायमूर्ति एनवी रमण, न्यायमूर्ति संजय किशन कौल और न्यायमूर्ति बीआर गवई की पीठ ने अधिवक्ता एस दास की याचिका खारिज की। पीठ ने इसके अलावा मास्क और सैनिटाइजर को माल और सेवा शुल्क (जीएसटी) से मुक्त करने के लिये दायर याचिका भी खारिज कर दी।

## सरकार ने शुरू की कोविड इंडिया सेवा

**» जनता को रियल टाइम में मिलेगा समस्याओं का समाधान**

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर हर्ष वर्धन ने मंगलवार को कोविड इंडिया सेवा की शुरुआत की। ट्विटर पर बनाए गए इस आधिकारिक ट्विटर हैंडल की सहायता से महामारी के दौरान लाखों भारतीयों से सीधा संवाद किया जा सकेगा। एक आधिकारिक बयान के मुताबिक इस पहल का उद्देश्य वास्तविक समय (रियल टाइम) में खास तौर पर कोविड-19 महामारी जैसे संकट के समय में पारदर्शी ई-गवर्नेंस डिलिवरी को सक्षम बनाने और नागरिकों के सवालों का तेजी से जवाब देना है। बयान में कहा गया कि, इसके माध्यम से लोग, अपने सवाल कोविडइंडियासेना ट्विटर हैंडल पर पूछ सकते हैं और लगभग तुरंत जवाब पा सकते हैं। यह प्लेटफॉर्म ऐसी व्यवस्था पर काम करता है जो बड़ी संख्या में ट्वीट्स को टिकट के रूप में परिवर्तित करता है और समाधान के लिए उन्हें संबंधित कार्यालयों या अधिकारियों तक पहुंचाता है।

इस पोर्टल की शुरुआत करते हुए डॉ. हर्ष वर्धन ने कहा कि सूचनाओं के आदान-प्रदान के लिए ट्विटर समय के साथ सरकार और नागरिक दोनों के लिए एक महत्वपूर्ण और उपयोगी साधन बनकर उभरा है, खासकर जरूरत के समय में।

## देश में पहली बार सफल रहा कोरोना के इलाज में प्लाज्मा परीक्षण



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** कोरोना वायरस का पहला प्लाज्मा परीक्षण देश में सफल रहा है। दिल्ली के एक निजी अस्पताल में भर्ती मरीज पर प्लाज्मा तकनीकी का इस्तेमाल किया गया था। सोमवार को वेंटिलेटर से हटाने के बाद भी उसकी स्थिति बेहतर है। अस्पताल ने हाल में प्लाज्मा तकनीक का ट्रायल शुरू किया था। इसमें कोरोना से ठीक हो चुके लोगों का प्लाज्मा संक्रमित व्यक्ति पर चढ़ाया जाता है।

दरअसल, एक ही परिवार के कई लोग बीमार होने के बाद भर्ती हुए थे, जिनमें दो वेंटिलेटर पर थे। इस बीच वेंटिलेटर पर रखे एक मरीज की मौत हो गई, दूसरा वेंटिलेटर पर ही था। दिल्ली के इस 49 वर्षीय मरीज पर ही परीक्षण हुआ। विशेषज्ञों के अनुसार एक व्यक्ति के खून से अधिकतम 800 मिलीलीटर प्लाज्मा लिया जा सकता है। वहीं, कोरोना मरीज के शरीर में एंटीबॉडीज डालने के लिए 200 मिलीलीटर प्लाज्मा चढ़ाते हैं। मैक्स अस्पताल के निदेशक डॉ. संदीप बुद्धिराजा ने बताया, इलाज में प्लाज्मा तकनीक कारगर साबित हो चुकी है। जिसने रक्त दिया वह मरीज तीन सप्ताह पहले ही ठीक हो चुका है।

**कोरोना को लेकर यह चिंता-** भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. रमन आर गंगाखेड़कर ने बताया, देश में करीब 80 फीसदी मरीजों में लक्षण दिखाई नहीं दे रहे हैं। जरूरी नहीं कि संक्रमण आज हुआ है, तो लक्षण सात दिन में मिले ही। जबकि स्वास्थ्य मंत्रालय के प्रवक्ता लव अग्रवाल ने कहा था, आंकड़ों को देखें तो बिना लक्षण वाले मरीजों की संख्या अधिक नहीं है।

## कड़ी शर्तों के साथ ग्रीन जोन को मिलेगी लॉकडाउन से मुक्ति

**» शादी, धार्मिक आयोजन, जनसभा पर होगी पाबंदी**

**» सीमित कर्मचारियों के साथ खोल सकेंगे कार्यालय**

**» रेड जोन में पहले की तरह बनी रहेगी स्थिति**

**» रेल-हवाई यातायात पर प्रतिबंध रहेगा जारी**

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** तीन मई के बाद कोरोना मुक्त या इस वायरस से आंशिक तौर पर प्रभावित इलाकों (ग्रीन जोन) को लॉकडाउन से मुक्ति मिल जाएगी। हालांकि इस दौरान कोरोना से निपटने के लिए कड़ी शर्तों से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। इस दौरान सार्वजनिक जगहों पर मास्क पहनना और सोशल डिस्टेंडिंग का पालन करना अनिवार्य होगा। लॉकडाउन हटने के बाद भी शादी, धार्मिक आयोजनों और जनसभाओं पर पाबंदी जारी रहेगी। मंत्री समूह (जीओएम) तीन मई के बाद कोरोना से सर्वाधिक प्रभावित दिल्ली, मुंबई, नोएडा, इंदौर सहित कुछ अन्य शहरों के लिए रोडमैप तैयार कर रहा है।

सूत्रों के मुताबिक सरकार ग्रीन जोन में तीन मई के बाद लॉकडाउन को आगे नहीं बढ़ाने पर विचार कर रही है। कोरोना से निपटने के लिए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता वाले जीओएम में भी इस पर सैद्धांतिक सहमति है। इस दौरान ग्रीन क्षेत्रों में सीमित संख्या में निजी वाहनों को सडक पर लाने, सीमित कर्मचारियों के साथ कार्यालय में कामकाज शुरू करने की अनुमति देने पर विचार किया जा रहा है। आवश्यक सेवा से जुड़ी गतिविधियों के अलावा दूसरे तरह के दुकानों प्रमुख बाजारों को खोलने पर भी विचार किया जा रहा है। हालांकि इस दौरान इन जगहों पर भीड़ नहीं बढने देने के उपाय भी तलाशे जा रहे हैं।

**कोरोना प्रभावित बड़े शहरों के लिए रोडमैप-** सरकार की चिंता ऐसे बड़े शहरों में गतिविधियों को धीरे धीरे सामान्य बनाने की है जहां कोरोना का कहर बहुत ज्यादा है। आर्थिक गतिविधियों को पटरी पर लाने के लिए इन शहरों में जनजीवन को कोरोना के खतरे के बीच सामान्य बनाना जरूरी है। इस क्रम में जीओएम दिल्ली, मुंबई, इंदौर, नोएडा जैसे शहरों में तीन मई के बाद छूट की संभावना पर विचार कर रहा है। ऐसे शहरों के लिए अलग-अलग रोडमैप तैयार किए जा रहे हैं। किन शहरों में आर्थिक गतिविधियों को आगे बढ़ाने के लिए किस तरह की छूट दी जाए इस पर मंथन जारी है।

**रेड जोन में खतरा नहीं उठाएगी सरकार-** जिन इलाकों में कोरोना का खतरा ज्यादा है सरकार ने उन्हें रेडजोन में रखा है।